HNC121 - हिंदी कहानी साहित्य और

Total Marks: 60

प्रश्न 1: निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं 2 प्रश्नों का 750–800 शब्दों में उत्तर लिखिए। 10x2=20

1. बड़ौदा स्टेट में डॉ. अंबेडकर को जातिगत भेदभाव का किस प्रकार सामना करना पड़ा? स्पष्ट कीजिए।

2. अजय नावरिया का परिचय देकर 'यस सर' कहानी का सारांश लिखिए।

3. 'फ्री स्टाईल गवाही' एकांकी में न्याय–व्यवस्था को किस प्रकार दिखाया गया है? समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए।

प्रश्न 2: निम्नलिखित उद्धरणों में से किन्हीं 2 की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 09x2=18

4. सरकार की नीति है – बाजार आबाद और किसान बर्बाद। हमें तो जो भाव मिले उसी पर पारतुल में मिल वालों को बेच देना पड़ता हैं कपास। नहीं बेचें तो उधारी कैसे चुकाएँ, खाएँ क्या और रखे कहाँ कपास को? मिलवालों की दादागिरी चलती है। आप देखिए सब चीजों के दाम बढ़ रहे हैं – सोना चाँदी,जमीन जायदाद सभी के दाम आसमान पर हैं ...नहीं बढ़ रहे हैं तो हमारे उत्पाद के दाम।

5. इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाजार का आमंत्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव। चौक बाजार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके अपने पास काफी नहीं है। और चाहिए, और चाहिये। मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है। ओह!

कोई अपने को न जाने तो बाजार का यह चौक उसे कामना से विकल बना छोड़े। विकल क्यों, पागल। असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या से घायल कर मनुष्य को सदा के लिए यह बेकार बड़ा डाल सकता है।

6. 'युग युग तक संसार को याद रखना पड़ेगा कि एक दिन मनुष्य के स्वार्थ और असाध्य के कारण, गुलामी और साम्राज्यवादी शासन के कारण, बंगाल जैसी शस्य श्यामला भूमि में मनुष्य को भूख से दम तोड़ना पड़ा था? और लोगों ने उसे पूरी शक्ति से इसीलिए झेला था कि मानवता जीवित रहना चाहती थी। उसे कोई नहीं मिटा सकता।'

प्रश्न 3: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 450–500 टिप्पणी लिखिए। 6x1=6

7. अर्जुनदास का चरित्र–चित्रण कीजिए।
8. 'चेरापूंजी से आया हूँ' में प्रकृति चित्रण पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 4: निम्नलिखित किन्हीं 8 प्रश्नों के 80–100 शब्दों में उत्तर लिखिए। 2x8=16

9. शब्दों के प्रकार लिखकर एक उदाहरण दीजिए।
10. वर्ण के दो उदाहरण लिखिए।
11. पद का अर्थ लिखकर एक उदाहरण दीजिए।
12. इन शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए:
    - क) सासन
    - ख) देसशेवा
13. 'जवान' शब्द के दो अर्थ लिखिए।
14. शहीदों का देश सदा आभारी रहेगा। – यह वाक्य शुद्ध कर फिर से लिखिए।
15. वाह कितना सुंदर मोर है – इस वाक्य में सही विराम–चिह्नों का प्रयोग कर फिर से लिखिए।
16. इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए:
    - क) वर्षा
    - ख) यात्रा
17. इन शब्दों का वचन परिवर्तन कर वाक्य में प्रयोग कीजिए:
    - क) अंगूठा
    - ख) कुर्सी
18. इन शब्दों का लिंग परिवर्तन कर वाक्य में प्रयोग कीजिए:
    - ख) लड़का
    - ख) तोता